मुख्यमंत्री सचिवालय

....

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 01/05/2026

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --185/2026
01 मई 2026
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
==============================
मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने जनगणना-2027 के तहत स्व-गणना (self Enumeration) की प्रक्रिया पूरी की।
============================
मुख्यमंत्री ने समस्त झारखंड वासियों से जनगणना-2027 प्रक्रिया में अपनी महत्ती जिम्मेदारी का निर्वहन, सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण भागीदारी की अपील की।
============================

★ जनगणना सिर्फ आंकड़े जुटाना नहीं बल्कि, आमजनमानस के भविष्य को सही दिशा देने का आधार

★ जनगणना कार्य से सरकार की योजनाओं को और ज्यादा प्रभावी तरीके से पात्र लोगों तक पहुंचाने में मिलेगी मदद

श्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखण्ड।
==============================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में जनगणना-2027 के तहत स्व-गणना (self Enumeration) की प्रक्रिया पूरी की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने समस्त झारखंड वासियों से जनगणना-2027 की प्रक्रिया में अपनी महती जिम्मेवारी का निर्वहन करते हुए सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण भागीदारी की अपील की । मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की धर्मपत्नी विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन भी उपस्थित रहीं।

जनगणना प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी से हुए अवगत..

इस दौरान मुख्यमंत्री को जनगणना से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों ने ऑनलाइन स्व-गणना पोर्टल पर पंजीकरण करने से संबंधित प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। मुख्यमंत्री के समक्ष जनगणना अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के तहत 01 मई से 15मई तक स्व-गणना कार्य प्रारंभ हो चुका है। इसके पश्चात मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य दिनांक 16 मई से 14 जून 2026 तक पूरे राज्य में किया जाएगा। इस गहन जनगणना अभियान के दौरान घर-घर जाकर प्रगणक से संबद्ध कर्मी डेटा संग्रह करेंगे। सभी जिलों में इस कार्य के लिए प्रशासनिक तैयारियां शुरू कर दी गई है।

जनगणना कार्य सिर्फ आंकड़े जुटाना नहीं बल्कि आमजन के भविष्य को सही दिशा देने का आधार

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि जनगणना कार्य सिर्फ आंकड़े जुटाना नहीं बल्कि आमजनों के भविष्य को सही दिशा देने का आधार है। जनगणना से राज्य सरकार की योजनाओं को और ज्यादा प्रभावी तरीके से पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने इस कार्य के दौरान क्षेत्रीय भाषाओं के जानकार पदाधिकारी एवं कर्मियों को सम्मिलित किए जाने की बात जनगणना अधिकारियों से कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना-2027 का कार्य तकनीकी रूप से सराहनीय पहल है। मुख्यमंत्री ने समस्त राज्य वासियों से इस राष्ट्रीय जनगणना अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जनगणना कार्य निदेशालय, भारत सरकार के निदेशक श्री प्रभात कुमार, उपायुक्त रांची श्री मंजूनाथ भजंत्री, नगर आयुक्त, रांची नगर निगम श्री सुशांत गौरव, सहायक नगर आयुक्त श्री राहुल यादव, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी श्री शेषनाथ बैठा, जनगणना कार्य निदेशालय के उप निदेशक श्री केशया० आर, सहायक निदेशक श्री मुरारी मोहन, सांख्यिकी अधिकारी श्री कौशल किशोर सहित अन्य उपस्थित रहे।

============================

#Team PRD(CMO)